Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:31 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:38 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 131 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 13 नवंबर 2024

बॉक्स ऑफिस जमकर नोट...पेज-3 पर

कश्मीर घाटी और हिमाचल में पहाड़ियों पर बर्फबारी से सड़कें बंद

जम्मू-कश्मीर
एजेंसी

कश्मीर घाटी में भारी हिमपात से गुरेज-बांदीपोरा राजमार्ग समेत कई सड़कें बंद हो गईं, जिससे कई पर्यटक घंटों फंसे रहे। बर्फबारी के चलते हिमाचल में पांगी जाने वाला मार्ग बंद करना पड़ा। इसके चलते बड़ी संख्या में वाहन रास्ते में फंसे रहे और सैलानियों को वाहनों में ही रात गुजारनी पड़ी।

जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में पहाड़ियों पर बारिश और बर्फबारी से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। कश्मीर घाटी में भारी हिमपात से गुरेज-बांदीपोरा राजमार्ग समेत कई सड़कें बंद हो गईं, जिससे कई

पर्यटक घंटों फंसे रहे। बर्फबारी के चलते हिमाचल में पांगी जाने वाला मार्ग बंद करना पड़ा। इसके चलते बड़ी संख्या में वाहन रास्ते में फंसे रहे और सैलानियों को वाहनों में ही रात गुजारनी पड़ी।

जम्मू-कश्मीर में गुरेज-बांदीपोरा राजमार्ग खोलने के लिए सीमा सड़क संगठन की टीम बर्फ हटाने के लिए मशीनरी के साथ जुटी रही। घंटों की मशक्कत के बाद श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर यातायात बहाल हुआ। कश्मीर के शोपियां जिले को राजोरी व पुंछ से जोड़ने वाले मुगल रोड पर 19 घंटे बाद मंगलवार दोपहर दो बजे वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। राजदान पास पर लगभग 4-5 इंच बर्फबारी हुई, जिससे सड़क की स्थिति बेहद खराब हो गई। यहां 20 वाहन फंस गए। बीआरओ की टीम ने मंगलवार सुबह पांच बजे तक सड़क को बहाल किया और वाहनों के साथ सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। श्रीनगर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने 14-15 नवंबर को कश्मीर व जम्मू संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश-बर्फबारी की आशंका जताई है।

चंबा में आधा फुट गिरी बर्फ

हिमाचल में रोहतांग सहित ऊंची चोटियों के बाद चंबा जिले के सचे जोत पर करीब आधा फुट बर्फ गिरी। इसके चलते पांगी मार्ग को बंद करना पड़ा। जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए लोगों को जम्मू-कश्मीर या कुल्लू होकर जाना पड़ेगा। लोक निर्माण विभाग ने बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। लाहौल-स्पीति और कुल्लू में भी बर्फबारी से ऊंची चोटियों पर सफेद चादर बिछ गई है।

बुलडोजर एक्शनः 15 दिन पहले देना होगा नोटिस

नई दिल्ली। बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता हो कि उनकी संपत्ति को बिना किसी उचित कारण के नहीं छीना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए बुधवार को कहा कि उसने संविधान में दिए गए उन अधिकारों को ध्यान में रखा है, जो राज्य की मनमानी कार्रवाई से लोगों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि कानून का शासन यह सुनिश्चित करता है कि लोगों को यह पता हो कि उनकी संपत्ति को बिना किसी उचित कारण के नहीं छीना जा सकता।

News कॉर्नर

फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता जोड़े का शव

रानीखेत। रानीखेत के ताड़ीखेत ब्लॉक के खुशालकोट गांव में नवविवाहित दंपत्ति संदिग्ध हालात में फंदे से लटके मिले। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों के शवों को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय रानीखेत भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असल वजह का पता चल सकेगा। मंगलवार दोपहर खुशालकोट निवासी देवकी देवी घर लौटीं और उन्होंने कमरे का दरवाजा बंद पाया। काफी देर तक आवाज लगाने के बावजूद कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर उन्होंने दरवाजा खोला तो उनके होश उड़ गए। बेटा कमल सिंह नेगी (31) और उसकी पत्नी सरिता नेगी (24) फंदे पर लटके थे। देवकी के शोर मचाने पर गांव वाले मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी राजस्व उप निरीक्षक कुबेर सिंह मेहरा को दी। सूचना मिलने पर राजस्व पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय रानीखेत भेजा। राजस्व पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहां पर नायब तहसीलदार प्रियंका, राजस्व उपनिरीक्षक कुंदन लाल, कुबेर सिंह मेहरा, कुंदन कनवाल, प्रदीप बिजल्वाण, कुमार सोनू, राजेन्द्र जोशी आदि मौजूद रहे।

कहा- इस एक योजना से सवा लाख करोड़ बचे

पीएम मोदी ने बिहार को दूसरे एम्स की सौगात दी

दरभंगा
एजेंसी

पीएम मोदी दरभंगा एम्स के शिलान्यास और भूमि पूजन के साथ दरभंगा बाइपास स्टेशन और झंझारपुर से लौकहा रेल लाइन के उद्घाटन करेंगे। इससे उत्तर बिहार के लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि यह एनडीए सरकार ही है, जिसने मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया था। झारखंड में मैथिली भाषा को दूसरे राजभाषा का दर्जा दिया। दरभंगा, सीतामढ़ी और अयोध्या रूट पर अमृत भारत टेन से काफी मदद मिली है। आज मैं दरभंगा महाराज कामेश्वर सिंह को भी योगदान रहा है। आजादी से पहले देश के विकास में काफी योगदान रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्री काशी के विकास में भी उनका काफी योगदान रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं एक बार फिर दरभंगा एम्स और अन्य विकास योजनाओं के लिए आप सभी को बधाई देता हूं। यह कहते हुए पीएम ने अपना संबोधन खत्म किया।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के 60 सालों तक देश में एक ही एम्स था। देशवासियों को दूर दराज से दिल्ली आना पड़ता था। काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। हमारी सरकार ने नए नए एम्स बनाए। आज देश में दो दर्जन एम्स हैं। मेडिकल कॉलेज और

अस्पतालों की संख्या बढ़ी है। डॉक्टरों की संख्या में बढोतरी हुई है। पहले डॉक्टर बनना हो तो अंग्रेजी माध्यम जरूरी था। अब डॉक्टर पढ़ना है या इंजीनियरिंग पढ़ना है तो वह अपनी मातृभाषा में पढ़कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। यह भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि हैं। हमारी सरकार ने एक और बड़ा निर्णय लिया, इससे युवाओं को काफी फायदा होगा। देश में हिन्दी या अन्य भाषाओं में भी मेडिकल की पढ़ाई होगी। यानी अब दलित, गरीब और आदिवासी भी आसानी से डॉक्टर बन पाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि मुजफ्फरपुर में कैंसर का बड़ा अस्पताल बन रहा है। इससे एक ही छत के नीचे सभी तरह के कैंसर का इलाज होगा। जल्दी ही आंखों का अस्पताल भी बिहार में बन रहा।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना से लाखों गरीबों का इलाज हो रहा है। अगर यह नहीं होता तो गरीब अस्पताल ही नहीं जाते हैं। अब सरकारी के साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी इलाज हो रहा है। सवा लाख करोड़ रुपये गरीबों के बचे हैं। एक योजना से देश के गरीबों के सवा लाख करोड़ रुपये बचे हैं। अब तो 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों को भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जा रहा है। बिहार में भी 70 साल के ऊपर के बुजुर्गों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा शुरू हो गई है। बहुत जल्द सभी बुजुर्गों के पास आयुष्मान वय वंदन योजना का कार्ड होगा। पीएम मोदी ने कहा कि दरभंगा में एम्स का सपना साकार होने की तरफ एक बड़ा कदम उठाया है। दरभंगा एम्स से बिहार, बंगाल और नेपाल के लोगों को फायदा मिलेगा। एम्स से रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बनेंगे। मैं दरभंगा और पूरे मिथिला को इन विकास कार्यों के लिए बधाई देता हूं। हमारे देश में सबसे बड़ी आबादी गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए है। बीमारी भी सबसे अधिक इन्हीं लोगों को प्रभावित करती है। हम सब इसी पृष्ठभूमि से आते हैं। घर में कोई बीमार पड़ता है तो कैसे पूरा परिवार संकट में आ जाता है? हम इसे समझते हैं। पहले के दौर में अस्पताल भी कम थे। डॉक्टर कम थे। दवाइयां कम थी। सरकारें सिर्फ वादों और दावों में उलझी रहती थी। यहां बिहार में जब तक नीतीश कुमार सरकार में नहीं आए थे तब तक गरीबों की चिंता को लेकर कोई गंभीरता नहीं थी। गरीबों के पास बीमारी को सहने के अलावा कोई चारा नहीं था। हमारा देश कैसे आगे बढ़े? इसके लिए हमारी सरकार ने सोच और एप्रोच बदला।

हमारा पहला फोकस बीमारी से बचाव पर है। दूसरा फोकस बीमारी के इलाज पर है। तीसरा फोकस सस्ता इलाज और दवाई। चौथा फोकस छोटे शहरों में इलाज की सुविधा देना और पांचवां फोकस टेक्नोलॉजी के जरिए इलाज की व्यवस्था करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मैथिली भाषा में मिथिलांचल वासियों को नमन किया। उनका अभिनंदन किया। कहा कि आज झारखंड में मतदान हो रहा है। झारखंड के लोगों से अपील करुंगा कि आज ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करें। मैं मिथिला की बेटी स्वर कोकिला स्व. शारदा सिन्हा को नमन करता हूं। मैथिली और भोजपुरी संगीत में उनका योगदान अतुलनीय है।

छठ महापर्व पर उनके गीत देश दुनिया में बजते हैं। हम विकसित भारत की तरफ तेजी से कदम बढ़ा हैं। हमारी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि हम इसके साक्षी बन रहे हैं और देश के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

विस अध्यक्ष यूथ कांग्रेस की कार्यकारिणी का विस्तार, कार्यकर्ताओं को किया मनोनीत

नैनीताल
हमारे संवाददाता

विधानसभा सभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अमन महेंद्र द्वारा विधानसभा कार्यकारिणी में विस्तार करते हुए बुधवार को कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत किया है।

जिसमें सचिव हर्षित मिश्रा, निखिल कुमार,कमलेश कुमार,अमन सागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिव्यांशु आर्या, भगवत सिंह नेगी,महामंत्री पियूश हेडिया, परिभाषा हिमांशु कुमार, हुमाम अहमद, रोहन साही, मनोज नेगी, ताहिर हुसैन, संयुक्त सचिव मयूर जोशी, संयुक्त सचिव अतुल कुमार को पद दिया है। विधानसभा अध्यक्ष अमन महेन्द्र ने कहा कि सभी कार्यकर्त्ता संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करते रहेंगे व संगठन को मजबूत बनायेंगे।

दिल्ली में विजिबिलिटी डाउन तो हिंडन पर शून्य

नई दिल्ली
एजेंसी

राजधानी दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में आज सीजन का पहला कोहरा दिखने को मिला। पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे के साथ प्रदूषण की धुंध भी नजर आई। जिसकी वजह से यातायात प्रभावित हुआ है। सड़क मार्ग से लेकर हवाई मार्ग पर भी इसका असर पड़ा है।

राजधानी दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के शहरों में बुधवार सुबह सीजन का पहला कोहरा देखा गया है। जिससे दृश्यता पर काफी असर पड़ा। दिल्ली में कोहरे के साथ प्रदूषण की वजह से एक पतली परत दिखी। जिससे दृश्यता 100 मीटर तक पहुंच गई है। सड़क मार्ग से लेकर हवाई मार्ग पर भी इसका असर पड़ा है। उत्तर

भारत में कोहरे के साथ धुंध की जुगलबंदी देखने को मिल रही है।

दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर दृश्यता बीती शाम सात बजे 900 मीटर से घटकर रात साढ़े 11 बजे 300 मीटर रह गई। वहीं दूसरी तरफ अन्य राज्य में भी दृश्यता पर असर पड़ा। विभिन्न हवाई अड्डों पर दृश्यता 1000 मीटर से नीचे दर्ज हुई। राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से आबोहवा में थोड़ा सुधार हुआ है मगर दिल्ली-एनसीआर में धुंध छाई हुई है। आबादी वाले इलाकों के साथ ही खुले क्षेत्रों में धुंध की चादर गहरा गई है। मौसम में ठंडक बढ़ी है। दृश्यता में कमी है। सवेरे 6 बजे पालम हवाई अड्डे पर दृश्यता 100 मीटर से भी कम रही। वहीं आज सुबह गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता लगातार खराब होने के कारण शहर पर धुंध की मोटी परत छाई हुई है। ग्रेटर नोएडा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 334 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी में है। इसमें सोमवार की तुलना में 18 सूचकांक की गिरावट दर्ज की गई। दिन भर स्मॉग की चादर छाई रही। इससे लोगों को आंखों में जलन व सांस लेने में परेशानी हुई महसूस की। वहीं, सुबह स्मॉग और धुंध की वजह से दृश्यता में गिरावट दर्ज की गई। सफदरजंग एयरपोर्ट में सुबह 7:30 बजे दृश्यता 1000 मीटर रिकॉर्ड की गई। साथ ही, पालम में सुबह आठ बजे दृश्यता 1000 मीटर रही। इससे वाहन चालकों को दूर तक साफ-साफ देखने में परेशानी हुई।

जिला न्यायालय देश का पहला पेपर लैस कोर्ट बना

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल का जिला न्यायालय देश का पहला पेपर लैस कोर्ट बन गया है। मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश राकेश थपलियाल ने जिला न्यायालय में डिजिटाइजेशन केन्द्र का शुभारंभ किया। अब जल्द ही नैनीताल जिला न्यायालय पूरी तरह से देश का पहला पेपर लैस कोर्ट बन जाएगा।

केंद्र के शुभारंभ के मौके पर न्यायाधीश राकेश थपलियाल ने बताया डिजिटल कोर्ट शुरू होने से अधिवक्ता अब हाथ में फ इल लेकर नहीं घुमेंगे साथ ही जिले भर की न्यायालयों में चले ट्रायल कोर्ट के फैसले एक क्लिक में आसानी से हाईकोर्ट की सुनवाई में मिल जाएंगे और वादों की सुनवाई में देरी नहीं होगी।

अब तक जिला न्यायालय में चले ट्रायल के फैसलों के लिए हाईकोर्ट से जिला न्यायालय को नोटिस जारी करने पड़ते थे जिसके चलते सुनवाई

में देरी होती थी लेकिन अब ई-कोर्ट के माध्यम से केसों की सुनवाई भी जल्दी होगी और लंबित वादों का निस्तारण समय पर हो पाएगा। कहा कि नैनीताल के बाद अब प्रदेश में हरिद्वार तथा ऊधम सिंह नगर जिला न्यायालयों को डिजिटल किया जाएगा जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। इस दौरान जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश,न्यायाधीश विक्रम सिंह,न्यायाधीश सुशील तोमर, न्यायाधीश तनुजा कश्यप तथा न्यायाधीश नेहा कुशवाहा, न्यायाधीश रुचिका गोयल, न्यायाधीश हर्ष यादव,न्यायाधीश आइसा फ रीन, न्यायाधीश बीनु गुलयानी समेत जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा,अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी तथा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी तथा महा सचिव संजय सुयाल शासकीय अधिवक्ता सुशील शर्मा, शरस शाह, ललित रावत, तसलीम सलमानी, निखिल बिष्ट , कैलाश जशी, भुवन जोशी, नवीन चंद्र, संजय त्रिपाठी, प्रकाश मौनी समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

12 स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया

डाटा सॉफ्ट कंप्यूटर सर्विसेज ने कोर्ट के काम को डिजिटल करने के लिए 12 स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देकर काम भी शुरू करवा दिया है। पहले दिन यानी मंगलवार को संस्था के द्वारा करीब 20 फ इलों को डिजिटलाइज किया।

NEWS / फटाफट

भीमताल ब्लाक में खेल महाकुंभ की शुरुआत

नैनीताल। जिले के भीमताल ब्लाक में मंगलवार को खेल महाकुंभ की शुरुआत हुई। बता दें खेल महाकुंभ के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बालक व बालिका वर्ग में खो खो,कबड्डी, वॉलीबॉल तथा एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं हुई। खेल महाकुंभ के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे समेत खंड शिक्षा अधिकारी कैना चौहान ग्रोवर सहित तमाम ग्राम प्रधान शामिल रहे। इस दौरान खो खो बालिका वर्ग में खुर्पाताल तथा बालक वर्ग में सांगुड़ीगांव, कबड्डी बालक -बालिका में भी सांगुडीगांव तथा वॉलीबॉल में भी सांगुड़ीगांव बालक व बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रहा। ब्लॉक खेल समन्वय अजय कुमार ने बताया कि खेल महाकुंभ से चयनित प्रतिभागी 17 नवम्बर को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। संचालन नवीन पांडे ने किया।

कौशल व नेतृत्व विकास को लेकर तीन दिवसीय कार्यशाला

नैनीताल । चेष्टा संस्था की ओर से जीवन कौशल व नेतृत्व विकास पर किशोरियों की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें किशोरियों को उनके अधिकारों समेत कानून की जानकारियां भी दी गई। कार्यक्रम समन्वयक मुकुल कुमार ने बताया कि नैनीताल जिले के रामगढ़ ब्लॉक के करीब 8 से 10 गांवों की किशोरियों के साथ ज्योलीकोट में कार्यशाला की जा रही है। इसका मुख्य मकसद किशोरियों को उनके अधिकार व कानून संबंधी जानकारी देना है जिससे भविष्य में किशोरी यह जानकारी अपने परिवार व अन्य साथियों के साथ सांझा कर सके। कार्यशाला में आने वाली अपने-अपने गांव के समूह की लीडर किशोरियां हैं। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सुनीता समेत ममता बिष्ट, कंचन बिष्ट व भावना भावना समेत प्रतिभागी शामिल रहे।

धूमधाम से मनाया हैप्पी चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव

नैनीताल। नगर के मल्लीताल क्षेत्र स्थित हैप्पी चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल का मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन सीआरएसटी स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सरिता आर्य रही। इस दौरान नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने कई सुंदर प्रस्तुतियां पेश की। बच्चों ने स्वागत गीत तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। नन्हे बच्चों ने पहाड़ी जॉक, हरियाकी फाक, पापा मेरे पाण पंजाबी, सपने मेरे सपने, मार्शल समेत अन्य गीतों पर सुन्दर मनमोहक प्रस्तुति दी। मंच संचालन हुमेरा खान द्वारा किया गया। इस दौरान प्रीति, आरती, भावना, अमृता, अभा मीना, सीडी पाण्डे, हरीश राणा, मोहित लाल साह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स का सफलतापूर्वक आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

रोटरी क्लब नैनीताल ने अपने पहले रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया। जिसमें नैनीताल, नौकुचियाताल और मथुरा के 43 युवा प्रतिभागियों को नेतृत्व और व्यक्तिगत विकास में एक परिवर्तनकारी अनुभव के लिए एकजुट किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन नीरव अग्रवाल ने रोटेरियन अनित साह और टीम एल्टीट्यूड के समर्पण की प्रशंसा की और इस डिस्ट्रिक्ट इवेंट को सफल बनाने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों को मान्यता दी। इस दौरान अध्यक्ष रोटेरियन मनोज लांबा, रोटेरियन अनित शाह, रोटेरियन अदनान, रोटेरियन शैलेंद्र शाह, रोटेरियन विक्रम स्याल तथा रोटेरियन सुमित खन्ना, रोटेरियन जितेंद्र शाह तथा रोटेरियन शिवांगी शाह समेत अन्य लोग रहे।

आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मस्जिद को लेकर फैलाए जा रहे भ्रामक प्रचार से एक समुदाय के लोग बेहद स्तब्ध हैं। उनका कहना है कि समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश की जा रही है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन समेत अनेक संबंधित विभागों को पत्र भेजकर भ्रामक प्रचार पर रोक लगाने की मांग की गई है।

समाजसेवी हामिद अली ने बताया कि सोशल मीडिया के जरिए नैनीझील के समीप नगर के बीचो-बीच आलीशान मस्जिद बना दी गई विषयक सामाचार वायरल किया गया है। जिसमें बेबुनियाद तरीके से कहा गया कि मस्जिद से सम्बन्धित अभिलेख नही मिले है। वास्तविकता यह है कि जामा मस्जिद नैनीताल की स्थापना ब्रिटिश काल में 1882 में हुई है । जिसका पंजीकरण वक्फ बोर्ड द वक्फ सं0- 32 हैं। नगर के समस्त भवनों एवं धार्मिक स्थलो का अभिलेखागार सम्बन्धित विभाग में सुरक्षित रहता है। जिसे जरूरत पड़ने पर कोई भी देख सकता है। पूर्व में भी सोशल मीडिया (यू-ट्यूब) के चैनल जनता की आवाज में इसका झूठा प्रचार किया गया। इस समाचार में विशेष कर मुस्लिम वर्ग को निशाना बनाया गया था और शासन प्रशासन को भी निशाना बनाया गया था। इस संदर्भ में अजुमन इस्लामिया नैनीताल ने जिलाधिकारी को वास्तविकता से अवगत कर भ्रामक प्रचार पर अंकुश लगाने का अनुरोध किया था। साथ ही अंजुमन इस्लामिया ने इसकी घोर निंदा की थी । हामिद अली ने बताया कि इस भ्रामक समाचार से समस्त मुस्लिम समाज नाराज है। उनका कहना है कि जो लोग इस तरह के बेबुनियाद झूठा प्रचार कर रहे वह, नगर की शान्ति भंग करना चाहते है। इसकी पारदर्शिता से जांच की जाय और दुष्प्रचार पर अंकुश लगाया जाय। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाय। नगर की अमन शान्ति और आपसी सौहार्द बिगाड़ने वालों की खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। हम समस्त धर्मों के धार्मिक स्थलों के प्रति गहरी आस्था रखते हैं। अंजुमन को आशा विश्वास है कि है कि प्रशासन इसकी निष्पक्ष जांच करेगा।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में गहन विचार विमर्श

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल की मंगलवार को हुई वर्चुअल बैठक में कर्मचारियों से संबंधित अनेक मांगों पर गहन विचार विमर्श किया गया।

बैठक में विगत दिनों एक सोशल मीडिया के द्वारा कुमाऊं विश्वविद्यालय के संबंध में लगाए जा रहे अनर्गल बयान बाजी से विश्वविद्यालय की खराब हो रही छवि पर गहरी चिंता एवं रोष व्यक्त किया गया तथा संबंधित प्रशासन से मांग की गई उक्त आरोपों की यथा शीघ्र निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाये। परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने बताया कि बैठक में उपस्थित वक्ताओं द्वारा परिषद की प्रांतीय कार्यकारिणी के द्वारा शासन के समक्ष उठाये जा रही विभिन्न मांगों पर गहन विचार विमर्श किया गया। कहा कि जनप्रतिनिधियों के दबाव में आकर कतिपय अधिकारियों द्वारा बिना किसी जांच के कर्मचारियों की स्थानांतरण किए जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया। बैठक में स्थानांतरण नीति में कर्मचारी हितों को देखते हुए आवश्यक बदलाव करने तथा से 30 जून तथा 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति हो रहे कर्मचारी के हितों के लिए नोशनल वेतन वृद्धि लागू करने की मांग की गई।

बैठक में परिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष रमेश सिंह कनवाल, तनवीर असगर, जगदीश सिंह बिष्ट, इसरार बेग, रणजीत सिंह थापा, परिषद के कोषाध्यक्ष दीपक सिंह बिष्ट,डीएसबी परिसर शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट,मो असलम सहायक विकास अधिकारी, संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार भट्ट, दिनेश चंद जोशी,भूपाल सिंह बिष्ट, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह जलाल, सत्य प्रकाश द्विवेदी, विवेक सिंह, आनंद बल्लभ पांडेय, मदन सिंह, राजेश चन्द्र तथा राजेंद्र प्रसाद टम्टा तथा संजय कुमार सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

गाइडों के लिए सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर पालिका के पंजीकृत गाइडों के लिए सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण पर्यटन कार्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा। यह प्रशिक्षण नगर पालिका हॉल में मंगलवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य व ओसी आर्मी कर्नल प्रह्लाद पाटिल रहे।

इस दौरान सीमा शर्मा ने बताया की नगर पालिका के जो पंजीकृत गाइड है उन्हें चार दिवसीय सॉफ्ट स्कील प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें गाइडो को पर्यटको के साथ कैसा व्यवहार करना है, गाइड जो काफ़ी पुराने भी है लेकिन कई चीजों में परिवर्तन करना है। प्रशिक्षण में करीब 40 से अधिक पंजीकृत गाइडो ने ट्रेनिंग ली। सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण गाइडों के संचार व व्यवहार कौशल को सुधारने के लिए काफ़ी महत्वपूर्ण है। गाइडों को पर्यटकों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और उनकी यात्रा को अधिक स्मरणीय बनाने में सहायता मिलेगी।

प्रशिक्षण के जरिए गाइडों को स्थानीय संस्कृति, इतिहास और नैनीताल के पर्यावरण की जानकारी देने के तरीकों पर भी प्रशिक्षित किया जाएगा। बेहतर कौशल वाले गाइड न केवल अपने करियर में प्रगति करेंगे, बल्कि नैनीताल के पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा देंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा।पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि जो नगर पालिका के पंजीकृत गाइड है,उन्हें पर्यटक के साथ व्यवहार कैसे रखे, टूरिस्ट के साथ व्यवहार अच्छा रखना होता है,शहर कि छवि खराब ना उसको लेकर यह वर्कशॉप चलाया जा रहा। जिसमें सभी पंजीकृत गाइडो को यह प्रशिक्षण लेना अवश्यक है। इस दौरान होटल एसोसिएशन के सचिव वेद साह,होटल मैनेजमेंट संस्था के प्रधानाचार्य संजय सिंह, हरीश राणा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अभिमत

नफरत की आग

सनातन संगठनों ने प्रशासन से शिकायत की तो अधिकारियों ने बताया कि धार्मिक स्थल सरकारी जमीन पर नहीं बना है। अधिकारियों की रिपोर्ट से सनातन धर्मावलंबी संतुष्ट नहीं हुए और धर्मस्थल को ध्वस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रैली निकाली। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। रैली के आयोजकों का कहना है कि प्रशासन ने कथित तौर पर बनाये गये धर्मस्थल को ध्वस्त नहीं किया और सनातन धर्मावलंबियों को उसी क्षेत्र में देवता की पूजा करने से रोक दिया। एक तरफ देवता की पूजा से रोका जा रहा है और दूसरी तरफ नमाज की अनुमति है।

उत्तराखंड में साम्प्रदायिक हिंसा भड़काने की साजिश लम्बे अर्से से की जा रही है। लव और लैंड जिहाद, धर्मांतरण को समुदाय विशेष ने हथकंडा बनाया है। उत्तरकाशी में धार्मिक स्थल को लेकर हिंसा भड़की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पहले मकान बनाया गया और कुछ दिनों बाद उसे धार्मिक स्थल में परिवर्तित कर आसपास की जमीन पर विस्तार किया जा रहा है। सनातन संगठनों ने प्रशासन से शिकायत की तो अधिकारियों ने बताया कि धार्मिक स्थल सरकारी जमीन पर नहीं बना है। अधिकारियों की रिपोर्ट से सनातन धर्मावलंबी संतुष्ट नहीं हुए और धर्मस्थल को ध्वस्त करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रैली निकाली। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। रैली के आयोजकों का कहना है कि प्रशासन ने कथित तौर पर बनाये गये धर्मस्थल को ध्वस्त नहीं किया और सनातन धर्मावलंबियों को उसी क्षेत्र में देवता की पूजा करने से रोक दिया। एक तरफ देवता की पूजा से रोका जा रहा है और दूसरी तरफ नमाज की अनुमति है। इसी तरह बहराइच में मां दुर्गा की मूर्ति के विसर्जन की शोभा यात्रा जब मस्जिद के सामने से निकल रही थी तो समुदाय विशेष के लोगों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। जय श्रीराम सुनते ही पहले से हिंसा की साजिश रचे बैठे दंगाइयों ने दो सनातनियों को धर्मस्थल में ले जाकर गोलियों से भून डाला। इसके बाद साम्प्रदायिक हिंसा भड़ उठी। बहराइच की घटना के बाद सनातन धर्मावलंबियों का कहना है कि जब पांच वक्त लाउडस्पीकर पर नमाज होती है और उसकी आवाज मंदिरों तथा सनातनियों के घरों में जाती है, तब कोई एतराज नहीं करता है। सनातन धर्मावलंबियों के मंदिरों में सुबह शाम दो बार आरती होती है। आरती और घंटी की आवाज मंदिर परिसर तक ही सीमित रहती है। उत्तरकाशी की घटना से राज्य सरकार और प्रशासन को सतर्क होने की जरूरत है। हिमालय की शांत वादियों में बहुसंख्यक सनातन धर्मावलंबी हैं। उत्तराखंड में ब्रिटिश शासनकाल से ही कानून व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक रही है। पर्वतीय क्षेत्र के घरों में लोग ताला नहीं लगाते थे। चोरी और अन्य अपराध नहीं थे। पुलिस चौकी और थाने नहीं थे। राजस्व विभाग के पटवारी कानून व्यवस्था संभालते थे। अब समुदाय विशेष के लोग तराई के जंगल से लेकर सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में लैंड जिहाद के तहत जमीन पर कब्जा करके मकान व दुकान के साथ धर्मस्थल बनाते जा रहे हैं। राज्य सरकार भविष्य के खतरे से बेखबर है। राज्य में बाहरी व्यक्तियों द्वारा जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक की मांग उठ रही है। कुछ क्षेत्रों में सत्यापन भी हो रहा है। सरकारी जमीन पर बने धर्मस्थलों को ध्वस्त करने की कार्रवाई में तेजी लाने की जरूरत है।

उत्तराखंड में साल बाद चढ़ा नवंबर का पारा

देहरादून

हमारे संवाददाता

17 नवंबर के बाद प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार



प्रदेश में मानसून विदाई के बाद बारिश न होने और पश्चिमी हवाओं के न चलने से तापमान में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। उत्तराखंड में मंगलवार को छह साल बाद एक बार फिर नवंबर का पारा चढ़ा तो दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई।

उत्तराखंड में मौसम के बदले पैटर्न का असर इस साल की सर्दियों पर भी देखने को मिल रहा है। मानसून विदाई के बाद बारिश न होने और पश्चिमी हवाओं के न चलने से तापमान में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। उत्तराखंड में मंगलवार को छह साल बाद एक बार फिर नवंबर का पारा चढ़ा तो दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। आंकड़ों पर नजर डाले तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री इजाफे के साथ 28.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी तीन डिग्री बढ़ोतरी के साथ 14.8 डिग्री पर रहा। इससे पहले इस दिन साल 2018 में अधिकतम तापमान 28 डिग्री रहा था। तापमान में इस तरह की बढ़ोतरी लगभग प्रदेश के सभी जिलों में देखने को मिली। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पोस्ट मानसून की बारिश न होने के चलते सामान्य तापमान में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। यही वजह है कि मैदानी इलाकों में सुबह-शाम धुंध परेशान कर रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 16 नवंबर तक प्रदेश भर में मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, 17 नवंबर के बाद प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। इस बारिश का असर पूरे प्रदेश के तापमान पर देखने को मिलेगा। साथ धुंध से भी राहत मिलेगी।

जन समस्याओं को किया जा रहा अनदेखा:सुमित हृदयेश

हल्द्वानी। विधायक सुमित हृदयेश ने

केदारनाथ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी मनोज रावत के समर्थन में कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान और नुक्कड़ सभा कर प्रचार प्रसार किया। विधायक हृदयेश ने ग्राम दुर्गाधार, बोरा गांव, जागतोली समेत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उन्हें कांग्रेस की नीतियों और विकास योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र पार्टी है जो क्षेत्र के समग्र विकास और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे मनोज रावत को भारी मतों से विजय दिलाकर क्षेत्र के विकास की दिशा में कदम बढ़ाएं। विधायक सुमित हृदयेश के साथ उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, बद्रीनाथ विधायक लखपत सिंह बुटोला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे जिन्होंने इस जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

ग्राफिक एरा में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का प्रदर्शन

भीमताल

हमारे संवाददाता

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर में यूकेबीबीएफ द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड ओपन सीनियर स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप-2024 में पूरे राज्य से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिसमें 35 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया जो अपने उत्कृष्ट शारीरिक बल और सुसंगठित फिटनेस का प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित हुए थे। यह प्रतियोगिता उत्तराखण्ड के बॉडी बिल्डिंग समुदाय में एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जाता है जिसमें बॉडी बिल्डिंग के विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी छाप छोड़ी। इस दौरान चैंपियनशिप में हल्द्वानी के सुखबिन्दर सिंह ने नैनीताल और कुमाऊँ के खिताब पर कब्जा किया, जो उनके उत्कृष्ट फिटनेस और लगन का प्रमाण है। इसी तरह मेन्सफिजिक श्रेणी में ऊधमसिंह नगर के प्रतिभागी तालिब अली ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर मेन्सफिजिक का खिताब जीता। उत्तराखण्ड की प्रतिष्ठित श्रेणी में नैनीताल के जगदीश पाण्डे ने अपने बेहतरीन कौशल के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उदित यादव ने अपने दमदार प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि हल्द्वानी के सुखबिन्दर सिंह ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई।

इस अवसर पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के निदेशक मुख्य अतिथि प्रो. अनिल कुमार नायर कर्नल सेवानिवृत्त रहे।प्रो. नायर ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और अपने संबोधन में युवाओं को शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं और उन्हें अनुशासन, दृढ़ता और मेहनत का महत्व सिखाते हैं। यह प्रतियोगिता बॉडी बिल्डिंग एवं फिटनेस एसोसिएशन यूकेबीबीएफए के तत्वावधान में संपन्न हुई। यूकेबीबीए के जनरल सेक्रेटरी मुकेश पाल, अध्यक्ष रमेश शर्मा, सचिव जनरल चेतन ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के आयोजन उत्तराखण्ड में बॉडी बिल्डिंग और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। यह चैंपियनशिप युवा पीढ़ी में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी और इस आयोजन ने राज्य के बॉडी बिल्डिंग क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार किया।

फिल्मी दुनिया

बॉक्स ऑफिस जमकर नोट छाप रही भूल भुलैया 3

भूल-भुलैया 3 आने वाले दिनों में अच्छी कमाई कर सकती है। वहीं, सिंघम अगेन की हालत पस्त होती दिखाई दे रही है। आइए जानते हैं कि मंगलवार को फिल्मों का कैसा कलेक्शन रहा है। दिवाली 2024 में रिलीज होने वाली सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 पहले ही सुपरहिट साबित हो चुकी है, लेकिन मास कॉप एक्शन फिल्म सिंघम अगेन औसत दर्जे पर खत्म होती दिख रही है। भूल-भुलैया 3 आने वाले दिनों में अच्छी कमाई कर सकती है। वहीं, सिंघम अगेन की हालत पस्त होती दिखाई दे रही है। आइए जानते हैं कि मंगलवार को फिल्मों का कैसा कलेक्शन रहा है। कार्तिक आर्यन की % भूल भुलैया 3 % ने बॉक्स ऑफिस पर अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा। अपने दूसरे सप्ताहांत में 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म ने मंगलवार को 208.25 करोड़ रुपये का अनुमानित कुल कलेक्शन करके अपना रिकॉर्ड बढ़ाया। 12वें दिन फिल्म ने दो करोड़ 96 लाख रुपये बटोरे हैं, इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 206.96 करोड़ हो गई है। हालांकि, फिल्म रोजाना अच्छी कमाई कर रही है, लेकिन यह अभी भी रोहित शेट्टी की % सिंघम अगेन % से पीछे है, जो 214.50 करोड़ रुपये की कुल कमाई के साथ सबसे आगे है। बजट को देखते हुए भूल भुलैया 3 धीरे-धीरे ब्लॉकबस्टर की तरफ बढ़ रही है। वहीं, सिंघम अगेन जल्द ही खुद पर फ्लॉप का टैग लगाने वाली है। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित, सिंघम अगेन में अजय देवगन मुख्य भूमिका में हैं और उनके साथ कई अन्य कलाकार हैं, जिन्होंने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। अपने पहले सप्ताह में 158.75 करोड़ रुपये की दमदार कमाई करने के बाद, सिंघम अगेन ने अपने दूसरे सप्ताहांत में 34.25 करोड़ रुपये की कमाई की और भारत में कुल 193 करोड़ रुपये की कमाई की।

फ्लॉप होने की कगार पर पहुंची फिल्म

दूसरे वीकेंड के बाद, इस पुलिस ड्रामा की कमाई में लगातार गिरावट देखी जा रही है। उदाहरण के लिए, दूसरे मंगलवार को पिछले दिन के मुकाबले इसकी कमाई में 14व की गिरावट देखी गई और इसने 3.5 करोड़ रुपये और कमाए। सिंघम अगेन ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 12 दिनों में 213.33 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। फ्लॉप होने की कगार पर पहुंची फिल्म दूसरे वीकेंड के बाद, इस पुलिस ड्रामा की कमाई में लगातार गिरावट देखी जा रही है। उदाहरण के लिए, दूसरे मंगलवार को पिछले दिन के मुकाबले इसकी कमाई में 14व की गिरावट देखी गई और इसने 3.5 करोड़ रुपये और कमाए।

घर में घुसकर मारने पर कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पति-पत्नी को घर में घुसकर मारने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला ने दबंगों के खिलाफ बनभूलपुरा थाना पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

सौंपी तहरीर में इंदिरा नगर अली मस्जिद के पास रहने वाली राबिया पत्नी बबलू ने कहा है जी 11 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे उसका पति बबलू अपने घर में था इतने ही देर में इंदिरा नगर में रहने वाला साहिल, कमाल, शाबू पुत्रगण खान एवं उसका साथी मुजफ्फर उसके घर में आ धमके के जिनके हाथों में लोहे की रॉड, साइकिल की चेन से मेरे पति से मारपीट करना शुरू कर दी जब मैं बचाने का प्रयास किया तो हथियारबंद लोगों ने मेरे साथ भी मारपीट की।

इस मारपीट में मेरे पति बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया जिनको उपचार के लिए बीच चिकित्सालय ले जाया गया इतना ही नहीं दबंगों ने इस बीच बचाव में मेरे साथ भी मारपीट की और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भाग गए। विनीता ने पुलिस से बाहर लगाई है कि दबंग के खिलाफ कई कार्रवाई अमल में लाई जाए।

पुलिस ने सभी दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है थाना प्रभारी नीरज भाकुनी का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ काली कार्रवाई अमल में लाई जाएगी किसी भी हाल में अराजकता फैलाने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा।

दबंगई

- पुलिस ने किया सभी दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज

News कॉर्नर

घर में घुसकर चोरी करना पड़ा भारी

हल्द्वानी। मुखानी थाना क्षेत्र में घर में घुसकर चोरी करना भारी पड़ गया। चोर पानी की मोटर व सरिया लेकर भाग रहे थे इसी दौरान गृह स्वामी के भतीजे ने दोनों चोरों को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया है विकास नगर विक्टोरिया नंबर 1 निवासी कुनाल भोजक पुत्र नवीन सिंह भोजक के घर में बीती देर शाम दो चोर घुस गए चोर पानी की मोटर व सरिया लेकर भाग रहे थे। तभी कुनाल का भतीजा अंश ने शोर मचा दिया। शोर गुल सुनकर भागते हुए चोरों को स्थानीय लोगों व अंश ने पकड़ लिया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया एक चोर ने पुलिस को अपना नाम मोहम्मद कासिम पुत्र मोहम्मद नाजिम निवासी लाइन नंबर 16 बताया तब की अन्य चोर जोर से पुलिस घंटा से पूछताछ कर रही है हालांकि पुलिस ने दोनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है

रुद्रपुर को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा दिनेशपुर

दिनेशपुर। रुद्र यंग क्लब की ओर से चल रही निरंजन मंडल मेमोरियल महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे मैच में मेजबान दिनेशपुर की टीम ने रुद्रपुर को 9-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। शानदार प्रदर्शन पर दिनेशपुर की स्ट्राइकर पूजा मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई। शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में मंगलवार शाम को खेला गया तीसरा मुकाबला एकतरफा रहा। मध्यांतर से पहले दिनेशपुर की टीम ने पांच गोल दागकर मजबूत बढ़त बना ली। दूसरे हॉफ में भी दिनेशपुर का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। अंतिम सीटी बजने तक टीम ने चार गोल और कर स्कोर 9-0 कर दिया। दिनेशपुर की ओर से पूजा ने चार गोल किए। उसे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया।

भू कानून को लेकर कल भराड़ीसैंण में होगी अहम बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भराड़ीसैंण में कल भू-कानून को लेकर बैठक होगी, जिसमें अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के अलावा पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडेय, सुभाष कुमार, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी व पूर्व सचिव एसएस रावत भी शामिल होंगे।

उत्तराखंड राज्य में सशक्त भू कानून लागू करने के संबंध में एक अहम बैठक ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण में 13 नवंबर को होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्य सचिव राधा रतूड़ी करेंगी। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एलान कर चुके हैं कि आगामी बजट सत्र में सरकार सशक्त भू कानून का विधेयक लेकर आएगी। इसी उद्देश्य से सरकार ने भू कानून के संबंध में पूर्व नौकरशाहों का मार्गदर्शन भी प्राप्त कर रही है। भराड़ीसैंण में होने वाली बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के अलावा पूर्व मुख्य सचिव इंदु कुमार पांडेय, सुभाष कुमार, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी व पूर्व सचिव एसएस रावत भी शामिल होंगे।

हल्द्वानी से जागेश्वर जा रही कार खाई में गिरी, चार घायल

अल्मोड़ा। हल्द्वानी से जागेश्वर जा रही कार पेटशाल के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार दंपति और बेटा-बहू घायल हो गए। इनमें एक को गंभीर हालत में हायर सेंटर भेजा गया है।

हल्द्वानी से जागेश्वर जा रही कार मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मोटर मार्ग पर राजकीय प्राथमिक विद्यालय पेटशाल के समीप अनियंत्रित होकर 100 मीटर नीचे खेतों में जा गिरी। हादसे में कार सवार नवाबी रोड हल्द्वानी निवासी राजेंद्र सिंह अधिकारी, उनकी पत्नी विमला अधिकारी, पुत्र पारस अधिकारी, पुत्रवधु अंबिका अधिकारी घायल हो गईं।

मुख्यमंत्री धामी पहुंचे बदरीनाथ, की पूजा-अर्चना

देहरादून

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री धामी ने भगवान बदरीविशाल का आशीर्वाद लिया। इससे पहले सोमवार को सीएम धामी रुद्रप्रयाग दौरे पर रहे। जहां वह केदारनाथ उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी आशा नौटियाल का समर्थन करने पहुंचे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार सुबह बदरीनाथ धाम पहुंचे। मंदिर में पूजा-अर्चना कर उन्होंने भगवान बदरीविशाल का आशीर्वाद लिया। इससे पहले सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अगस्त्यमुनि के स्यालसौड़ में आयोजित अनुसूचित जाति स्वाभिमान सम्मेलन में हर उम्र के वर्ग को छूने की कोशिश की, जिसमें वह सफल भी रहे। बच्चों से दुलार तो बड़ों से स्नेह के साथ मिले। साथ ही बुजुर्ग और मातृशक्ति के प्रति सम्मान भी दर्शाया। मुख्यमंत्री ढोल-दमाऊं वादकों से मिले और उनकी कुशलक्षेम पूछी। साथ ही उन्हें लोक संस्कृति के संरक्षण में किए जा रहे कार्य के प्रति धन्यवाद भी दिया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं ढोल को अपने कांधों पर रखा और कुछ देर तक थाप भी दी, जिसे देखकर अन्य लोग भी खुशी से गदगद हो गए। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। भ्रमण के दौरान सुबह की सैर पर ढाबे में चाय की चुस्की हो या फिर महिलाओं के साथ बैठक गोबर के दिए बनान सहित अन्य कार्यों ने उन्हें अलग पहचान दी है। इसका परिचय उन्होंने अगस्त्यमुनि में भी दिया।

हेरोइन तस्करों को 20 साल का कठोर कारावास

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस ने हेरोइन तस्करी के दो दोषियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक दोषी पर डेढ़ लाख और दूसरे पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है।

रुद्रपुर में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस ने हेरोइन तस्करी के दो दोषियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक दोषी पर डेढ़ लाख और दूसरे पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। जानकारी के अनुसार नौ नवंबर 2012 को नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो (एनसीबी) लखनऊ के सब जोनल अधीक्षक निर्भय सिंह की अगुवाई में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ वार्ड नंबर पांच कच्चा खेड़ा निवासी नन्हे खान के घर पर छापा मारकर 500 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। नन्हे ने टीम को बताया था कि वह हेरोइन को रामपुर के बिलासपुर स्थित पंजाबनगर निवासी जरीफ मियां से खरीदकर लाया है। जरीफ अपने घर पर हेरोइन का निर्माण करता है। इसके बाद टीम पंजाबपुर पहुंची और जरीफ के घर पर दबिश देकर तीन पन्नियों में हेरोइन और अफीम के साथ 26920 रुपये व 10 कारतूस बरामद किए थे। जरीफ के मकान के प्रथम तल पर एक प्रयोगशाला मिली थी। इसमें दो बोतल कैमिकल, अल्प्राजोलम पाउडर के अलावा अफीम और हेरोइन बरामद हुई थी। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आशुतोष मिश्रा के न्यायालय में हुई थी। सुनवाई के दौरान गवाह और साक्ष्यों के आधार पर दोनों दोषी पाए गए। न्यायालय ने नन्हे को 20 साल का कठोर कारावास और डेढ़ लाख अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना जमा नहीं करने पर छह महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना पड़ेगा। जरीफ मियां को 20 साल का कठोर कारावास और तीन लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के जिला बार में मंगलवार को पहुंचे हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल का बार भवन में पहुंचने पर जिला बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस दौरान जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी ने न्यायमूर्ति को अधिवक्ताओं की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए नए न्यायालयों की स्थापना सहित जूनियर अधिवक्ताओं के लिए चैम्बर की मांग की, जिस पर न्यायमूर्ति ने अधिवक्ताओं को जल्द उचित कार्यवाही का आश्वाशन दिया।

इस दौरान जिला जज सुबीर कुमार तथा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार गोस्वामी तथा सचिव संजय सुयाल, मनीष मोहन जोशी, कैलाश जोशी, सुशील कुमार शर्मा, भुवन जोशी, दिनेश बिष्ट, शरद साह, दीपक रुबाली, भगवत प्रसाद, दीपक साह, पंकज सिंह चौहान, कैलाश बलुटिया ,प्रदीप परगाई, यूनस खान, अशोक मौलेखी, मंजू कोटलिया, भानु मौनी, संजय त्रिपाठी, बलवंत थलाल, राजेन्द्र बोरा, अनिल बिष्ट, यशपाल आर्या, मुकेश कुमार, शिवांशु जोशी, सुभाष जोशी, अर्चित गुसा, मनीष कांडपाल, सोहन तिवारी, तरुण चंद्रा, चंद्रकांत बहुगुणा, कैलाश गोस्वामी, जितेंद्र बंगारी ,दीपक दानू, दिग्विजय बिष्ट, गौरव भट्ट, रवि आर्या, अनिता जोशी, किरन आर्या, सरिता बिष्ट, प्रेमा आर्या, मीनाक्षी आर्या, सिम्मी कपूर, जया आर्या, पूजा साह, हेमा शर्मा, कमला अधिकारी, ललित रावत, निखिल बष्ट , रितेश सागर, तस्लीम सलमानी, नीरज भागोनी,तथा संध्या पवार आदि मौजूद रहे।

बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

नैनीताल/बेतालघाट। विधायक सरिता आर्या की अध्यक्षता 14 नवम्बर (गुरूवार) को अपराह्न 12:00 बजे से विकास खण्ड बेतालघाट के राजकीय इण्टर कॉलेज ताडीखेत में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया है कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु स्टाल लगाकर जनमानस को लभान्वित करेंगे और योजनाओं की जानकारी अवगत कराने हेतु उक्त कार्यक्रम में निर्धारित तिथि में समय से उपस्थित रहेंगे।

केएमवीएन ने रीवर राफ्टिंग प्रशिक्षण कराई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले के जौलजीवी के ऐतिहासिक मेले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा 14 नवंबर (गुरुवार) से 18 नवंबर (सोमवार) तक रीवर राफ्टिंग प्रशिक्षण कराई जाएगी।

कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी के मुताबिक उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा प्रायोजित रिवर राफ्टिंग कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा काली नदी में कराई जाएगी। राफ्टिंग प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राओं को रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण के साथ-साथ आपदा प्रबंधन की जानकारी जाएगी दी जाएगी।

वह हिमालय बचाओ अभियान के तहत नदी स्वच्छता कार्यक्रम वह पौधा रोपण कार्यक्रम से भी जोड़ा जाएगा उन्होंने कहा कि कुमाऊँ मंडल विकास निगम द्वारा वर्ष 1998 से लगातार कोरोना काल को छोड़ते हुए जौलजीवी मेले में राफ्टिंग कराई जाती रही है।

उन्होंने राफ्टिंग करने हेतु जौलजीवी से लगे सभी विद्यालयों सहित जौलजीवी मेला समिति में पंजीकरण कराने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि जनपद में कुमाऊं मंडल विकास निगम ही एकमात्र सरकारी संस्था है जिसके द्वारा रिवर राफ्टिंग का प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने कहा कि काली नदी में प्रतिदिन 40 युवाओं को राफ्टिंग कराई जाएगी।

गाइडों के लिए सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर पालिका के पंजीकृत गाइडों के लिए सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण पर्यटन कार्यालय द्वारा आयोजित किया जा रहा। यह प्रशिक्षण नगर पालिका हॉल में मंगलवार को आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्य व ओसी आर्मी कर्नल प्रह्लाद पाटिल रहे। इस दौरान सीमा शर्मा ने बताया की नगर पालिका के जो पंजीकृत गाइड है उन्हें चार दिवसीय सॉफ्ट स्कील प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें गाइडो को पर्यटको के साथ कैसा व्यवहार करना है, गाइड जो काफ़ी पुराने भी है लेकिन कई चीजों में परिवर्तन करना है। प्रशिक्षण में करीब 40 से अधिक पंजीकृत गाइडो ने ट्रेनिंग ली। सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण गाइडों के संचार व व्यवहार कौशल को सुधारने के लिए काफ़ी महत्वपूर्ण है। गाइडों को पर्यटकों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने और उनकी यात्रा को अधिक स्मरणीय बनाने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण के जरिए गाइडों को स्थानीय संस्कृति, इतिहास और नैनीताल के पर्यावरण की जानकारी देने के तरीकों पर भी प्रशिक्षित किया जाएगा। बेहतर कौशल वाले गाइड न केवल अपने करियर में प्रगति करेंगे, बल्कि नैनीताल के पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा देंगे, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने बताया कि जो नगर पालिका के पंजीकृत गाइड है,उन्हें पर्यटक के साथ व्यवहार कैसे रखे, टूरिस्ट के साथ व्यवहार अच्छा रखना होता है,शहर कि छवि खराब ना उसको लेकर यह वर्कशॉप चलाया जा रहा। जिसमें सभी पंजीकृत गाइडो को यह प्रशिक्षण लेना अवश्यक है। इस दौरान होटल एसोसिएशन के सचिव वेद साह,होटल मैनेजमेंट संस्था के प्रधानाचार्य संजय सिंह, हरीश राणा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।